# <u>अभ्यर्थी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश</u>

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लें तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही–सही भरें।

1 **<u>आरक्षण सम्बन्धितः–</u>** उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों एवं पिछड़ी जातियों तथा क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत चिन्हित श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा। आरक्षण के लाभ का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास अपनी <u>श्रेणी/उपश्रेणी</u> के समर्थन में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। अनुसूचित जातियों एवं पिछड़ी जातियों तथा क्षैतिज आरक्षण के लिए चिन्हित पद की श्रेणी में आने वाले अभ्यर्थी, यदि वे आरक्षण का लाभ चाहते हैं, तो आवेदन–पत्र से संबंधित स्तम्भ में अपनी <u>श्रेणी/श्रेणियों/उप</u> श्रेणियों (एक या एक से अधिक जो भी हो) को अवश्य अंकित करें, अन्यथा वे अनारक्षित (सामान्य) अभ्यर्थी समझे जायेंगे और उन्हें आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा। आरक्षण विषयक प्रमाण–पत्र, ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, 2018 तक अभ्यर्थी द्वारा अवश्य धारित करना चाहिए।

2 **<u>आयु सीमा–</u>** ऑनलाइन आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 10 अप्रैल, 2018 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम 42 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु चिन्हित पदों के लिए उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के स्थायी निवासियों को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट होगी।

3 **<u>चरित्र–</u>** सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेगा।

**<u>टिप्पणीः–</u>** संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियन्त्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए सिद्ध दोष व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

4 **<u>राष्ट्रीयताः–</u>** आवेदनकर्ता भारत का नागरिक हो।

5 **<u>वैवाहिक प्रास्थितिः–</u>** सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और न ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र होगी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी होः परन्तु यह कि राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते हैं, यदि उसका यह समाधान हो कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान हैं।

6 अभ्यर्थी के केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभाग/प्रतिष्ठान अथवा किसी संस्थान में सेवारत् होने की दशा में अपने नियोक्ता से संलग्न प्रारूप पर अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त कर आवेदन–पत्र की हार्डकॉपी के साथ प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

7 आवेदन–पत्र में पूर्व सेवा का उल्लेख किये जाने की दशा में अनुभव–प्रमाण–पत्र आवेदन–पत्र की हार्डकॉपी के साथ प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

8 ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10 अप्रैल, 2018 तक अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हताओं को पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। अन्तिम तिथि के पश्चात् अर्हता के संबंध में कोई भी अभिलेख स्वीकार्य नहीं होगा तथा अभिलेख/अर्हता पूर्ण न होने की दशा में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त माना जायेगा।

9 आवेदन–पत्र के लिफाफे पर अभ्यर्थी द्वारा "Application for the post of Assistant Regional Director" अंकित किया जाना अनिवार्य है।

10 निर्धारित आयु सीमा की गणना हाईस्कूल की अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र में अंकित जन्मतिथि के आधार पर की जायेगी।

11 **ऑनलाइन आवेदन पत्र (Online Application)भरने की प्रक्रिया–**

A. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि 10 मार्च, 2018 है।

B. ऑनलाइन आवेदन हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uou.ac.in में Application For Assistant Regional Director के सम्मुख "Click Here" पर जाएं एवं Continue करें।

C. ऑनलाइन आवेदन पत्र को विज्ञापन की शर्तों के अनुसार सही–सही भरें एवं वेबसाइट पर दर्शित निर्देशों का पालन करें। आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन **Net Banking/Debit or Credit Card** **के माध्यम से जमा करने को प्राथमिकता दें। ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध न होने की दशा में आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक की किसी भी शाखा से निर्गत ड्राफ्ट, जो उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के नाम देय हो,** के माध्यम से भी जमा किया जा सकता है। ऑनलाइन अथवा ड्राफ्ट के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से जमा शुल्क स्वीकार नहीं होगा। जमा शुल्क की प्राप्ति रसीद ऑनलाइन तथा ड्राफ्ट की प्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रख लें।

D. ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरने के पश्चात् प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक जॉच लें। भरी गयी प्रविष्टियों में शंका होने पर अथवा किसी त्रुटि की दशा में आवेदन पत्र के अन्त में Reset पर Click करें एवं पुनः समस्त प्रविष्टियां भरें। भरी गयी प्रविष्टियों के एकदम सही होने की दशा में आवेदन पत्र के अन्त में Continue पर Click करें।

E. वेबसाइट के निर्देशानुसार प्रविष्टियां भर लेने के उपरान्त अभ्यर्थी को उसका आवेदन पत्र समस्त विवरणों सहित दिखाई देगा। अभ्यर्थी को अपनी स्कैन फोटोग्राफ जिसका साइज अधिकतम 35 KB स्कैन, हस्ताक्षर जिसका साइज अधिकतम 35 KB तक तथा शैक्षिक एवं अन्य प्रमाण–पत्र जिनका साइज अधिकतम 500 KB हो, Online Application form के साथ सिर्फ JPEG Format में ही अपलोड किया जाना होगा।

F. आवेदन पत्र में प्रदर्शित विवरण में परिवर्तन हेतु अभ्यर्थी Edit पर Click करें तथा प्रविष्टियों के सही होने की दशा में I Agree पर Click करें।

G. Online Application form Submit किये जाने से पूर्व सभी अभ्यर्थी यह भली–भांति सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा की गयी प्रविष्टियां पूर्ण एवं सही हैं। Submit किये जाने के पश्चात् किसी भी दशा में परिवर्तन किया जाना संभव नहीं होगा। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी को पुनः नये सिरे से नयी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी, जिसके लिए पृथक शुल्क देय होगा तथा पूर्व आवेदन के साथ जमा शुल्क वापस नहीं होगा।

H. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, 2018 तक अभ्यर्थी को "Online Application" प्रक्रिया में "Submit" बटन को "Click" करने पर ही "Online Application" प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

I. अभ्यर्थी का "Online Application" फार्म Submit हो गया है, का संदेश प्राप्त होने के पश्चात् अभ्यर्थी आवेदन पत्र को डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित (स्वहस्ताक्षरित) अन्तिम तिथि 20 अप्रैल, 2018 तक विश्वविद्यालय को भेजेगा तथा आवेदन पत्र की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखे, ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उसे सन्दर्भ हेतु प्रयोग किया जा सके।

J. अभ्यर्थी द्वारा अर्हता को लेकर की गयी स्व–घोषणा के आधार पर लिखित परीक्षा में बैठने की अस्थाई अनुमति दी जायेगी। किसी भी स्तर पर यह संज्ञान में आने पर कि अभ्यर्थी द्वारा तथ्य छिपाया गया है अथवा गलत तथ्य प्रस्तुत किया गया है, ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय को अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा और इसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

K. आवेदन पत्र की हार्डकॉपी केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी।

**अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uou.ac.in में दिये गये निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लें और तत्पश्चात् ही आवेदन करें यदि किसी स्तर पर यह पाया गया कि अभ्यर्थी ने सही सूचना नहीं दी है या निर्देशों का पालन नहीं किया है तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।**

12 **ऑनलाइन आवेदन पत्र (Online Application)** के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख अनारक्षित तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पृथक–पृथक निम्नवत् होंगे–

**अनारक्षित श्रेणी–**

**A.** हाईस्कूल प्रमाण–पत्र की स्कैन प्रति– 500 KB (JPEG Format) ।

**B.** स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष की अंकतालिका की स्कैन प्रति– 500 KB (JPEG Format)।

**C.** क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत चिन्हित अनारक्षित महिला पद के लिए उत्तराखण्ड का स्थायी निवास प्रमाण–पत्र की स्कैन प्रति–500 KB (JPEG Format)।

**D.** निर्धारित शुल्क ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किये जाने की दशा में ड्राफ्ट की स्कैन प्रति 500 KB (JPEG Format)।

**E.** पासपोर्ट साइज फोटो– 35 KB (JPEG Format) ।

**F.** हस्ताक्षर– 35 KB (JPEG Format) ।

**G.** यदि अभ्यर्थी की अंकतालिका में प्राप्तांकों की गणना ग्रेड **(CGPA, OGPA, SGPA etc.)** में हो तो अंकतालिका में दिये गये निर्देशों के अनुसार समकक्ष अंकों व प्रतिशत को दर्शाना अनिवार्य है।

**<u>आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी–</u>**

**A.** हाईस्कूल प्रमाण–पत्र की स्कैन प्रति– 500 KB (JPEG Format) ।

**B.** स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष की अंकतालिका की स्कैन प्रति– 500 KB (JPEG Format) ।

**C.** जाति एवं स्थायी निवास प्रमाण–पत्र की स्कैन प्रति– 500 KB (JPEG Format) ।

**D.** निर्धारित शुल्क ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किये जाने की दशा में ड्राफ्ट की स्कैन प्रति– 500 KB (JPEG Format) ।

**E.** पासपोर्ट साइज फोटो हस्ताक्षर सहित–35 KB (JPEG Format) ।

**F.** हस्ताक्षर– 35 KB (JPEG Format) ।

**G.** यदि अभ्यर्थी की अंकतालिका में प्राप्तांकों की गणना ग्रेड **(CGPA, OGPA, SGPA etc.)** में हो तो अंकतालिका में दिये गये निर्देशों के अनुसार समकक्ष अंकों व प्रतिशत को दर्शाना अनिवार्य है।

13 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र के सभी स्तम्भ स्पष्ट रूप से भरे होने चाहिए (जो लागू न हों उसके आगे **(NA)** दर्ज किया जाय। किसी भी स्तम्भ को अपूर्ण या रिक्त न छोड़े। अस्पष्ट, संदिग्ध तथा भ्रामक होने की दशा में आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिए जाएंगें।

14 अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय आवेदन पत्र व बैंक शुल्क हेतु केवल एक ही मोबाईल नम्बर का प्रयोग करें।

15 अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वह ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि तक अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों। **<u>"मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्राप्त उपाधि मान्य होगी"</u>।** जालसाजी (फर्जी) प्रमाण–पत्रों (शैक्षिक योग्यता/अनुभव/आरक्षण संबंधी) के आधार पर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा अन्य पदों हेतु भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से प्रतिवारित किया जाएगा। अन्यथा की दशा में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

16 ऑनलाइन आवेदन–पत्र का प्रिंट आउट निकालने के पश्चात् <u>आवेदन–पत्र, स्व घोषणा–पत्र, संलग्न शैक्षिक, अनुभव एवं अन्य समस्त प्रमाण–पत्रों में हस्ताक्षर कर विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाना अनिवार्य है</u>, अन्यथा की दशा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

17 पदों का सृजन शासन द्वारा किया जाता है। सृजित पदों की संख्या में परिवर्तन या अन्य कोई आदेश होने की दशा में वह आदेश प्रभावी होगा।

18 साक्षात्कार के लिये चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने समस्त प्रमाण–पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे तथा केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभाग/प्रतिष्ठान अथवा किसी संस्थान में सेवारत् होने की दशा में अपने नियोक्ता अनापत्ति प्रमाण–पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा।

19 **<u>लिखित परीक्षाः–</u>**

A. लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड है।

B. चयन के लिए वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें सामान्य अध्ययन, सामयिकी (Current affairs), सामान्य बुद्धि परीक्षण, दूरस्थ शिक्षा से संबंधित तथा कम्प्यूटर से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प होंगे, जिनमें से एक विकल्प सही उत्तर होगा।

C. लिखित परीक्षा प्रश्न–पत्र के मूल्यांकन में प्रत्येक सही उत्तर का एक अंक व प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/4 ऋणात्मक अंक दिया जायेगा।

D. अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा की प्रश्न बुकलेट, परीक्षा के पश्चात् अपने साथ ले जाने की अनुमति दी जायेगी।

E. लिखित परीक्षा की उत्तर शीट **(Answer Sheet)** कार्बन प्रति के साथ डुप्लीकेट में होगी तथा डुप्लीकेट प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति दी जायेगी।

F. **Answer key** विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.uou.ac.in** पर अपलोड की जायेगी।

20 **गलत उत्तरों के लिए दण्डः–** वस्तुनिष्ठ प्रश्न–पत्रों में अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये गलत उत्तरों के लिए दण्ड (ऋणात्मक मूल्यांकन) दिया जायेगाः–

A. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प होंगे। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गये अंकों का एक चौथाई दण्ड रूप में काटा जायेगा।

B. प्रत्येक प्रश्न का यदि अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है तो इसे गलत उत्तर माना जायेगा। यदि दिये गये उत्तरों में से एक उत्तर सही भी हो, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपरोक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जायेगा।

C. यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं होगा।

D. लिखित परीक्षा सम्पन्न होने की तिथि से 10 दिवसों के भीतर अभ्यर्थी द्वारा प्रश्न–पत्र के संबंध में अपनी आपत्ति प्रकट की जा सकती है उसके उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा अथवा कथन स्वीकार्य नहीं होगा।

E. लिखित परीक्षा के पश्चात् अभ्यर्थियों की प्रवीणता सूची तैयार करने के उपरान्त प्रवीणता क्रम में 01 अनुपात 05 के आधार पर अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर एवं आई0टी0 दक्षता परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जायेगा। यह परीक्षा 10 अंकों की होगी। इसके पश्चात् साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार 10 अंकों का होगा।

F. लिखित तथा कम्प्यूटर एवं आई0टी0 दक्षता परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे अपितु अभ्यर्थियों की ई–मेल आई0डी0 पर एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे, जिसकी सूचना दैनिक समाचार पत्रों एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रसारित की जायेगी।

G. लिखित तथा कम्प्यूटर एवं आई0टी0 दक्षता परीक्षा के पश्चात् परीक्षा की उत्तरमाला को विश्वविद्यालय वेबसाइट www.uou.ac.in पर प्रकाशित किया जायेगा।

H. लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र व परीक्षा की तिथि की सूचना यथासमय पृथक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी।

I. लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र **(Admit Card)** अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गयी ई–मेल आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। अतः अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपनी ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाइल नं0 की प्रविष्टि सही–सही अंकित करें।

**21 अन्य आवश्यक निर्देशः–**

A. लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) में कैलकुलेटर का प्रयोग वर्जित है।

B. लिखित परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी को फोटो कैमरा, मोबाइल फोन, पेजर अथवा किसी अन्य प्रकार के संचार यंत्र अथवा अन्य किसी इलैक्ट्रॉनिक उपकरण के प्रयोग की अनुमति नहीं है। यदि वे इन अनुदेशों का उल्लंघन करते पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षा में बैठने पर रोक सहित अन्य कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर उपरोक्त सामग्री न लायें; क्योंकि उनकी सुरक्षा का प्रबन्ध सुनिश्चित नहीं किया जाएगा।

C. अनुचित साधन सख्ती से प्रतिबन्धित– कोई भी अभ्यर्थी किसी भी अन्य अभ्यर्थी के पेपरों से न तो नकल करेगा, न ही नकल करायेगा, न ही किसी अन्य तरह की अनुचित सहायता देगा, न ही सहायता देने का प्रयास करेगा, न ही सहायता प्राप्त करेगा और न ही प्राप्त करने का प्रयास करेगा। किसी प्रकार की अनुशासनहीनता अथवा दुर्व्यवहार करने पर विश्वविद्यालय द्वारा उसका अभ्यर्थन समाप्त किया जा सकता है।

D. परीक्षा भवन में आचरण– कोई भी अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करे तथा परीक्षा हॉल में अव्यवस्था न फैलायें तथा परीक्षा संचालन हेतु तैनात स्टॉफ को परेशान न करें। परीक्षा समाप्ति के उपरान्त उत्तर–पुस्तिका कक्ष निरीक्षक को सौंपकर ही परीक्षा कक्ष के बाहर जायें। अन्यथा की दशा विश्वविद्यालय द्वारा उसका अभ्यर्थन समाप्त किये जाने के साथ प्रथम प्राथमिकी रिपोर्ट **(FIR)** दर्ज करायी जायेगी।

E. अँगूठे का निशान **(Thumb Impression)-** सभी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में अपनी परीक्षा की उत्तर पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर बायें अँगूठे का निशान अवश्य अंकित करेंगे।

F. अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि वे पूर्णतया यह संतुष्ट हो जाने के पश्चात् कि वे विज्ञापन/परीक्षा की सभी शर्तों को पूरा करते हैं, आवेदन करें और परीक्षा में सम्मिलित हों।

G. विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदित पद हेतु सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। चयन के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा बशर्ते कि वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। उम्मीदवार को मात्र प्रवेश पत्र/साक्षात्कार ज्ञाप जारी किए जाने का यह अर्थ नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी विश्वविद्यालय द्वारा अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दी गयी है। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नहीं था, तो उसका अभ्यर्थन सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा और यदि वह अन्तिम रूप से चुन लिया जाता है तो भी विश्वविद्यालय की संस्तुति वापस ले ली जाएगी।

H. हाईस्कूल प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।

I. यदि कोई अभ्यर्थी अपनी श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क से कम शुल्क जमा करता है तो उसका आवेदन पत्र/अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

J. विश्वविद्यालय से किए जाने वाले सभी पत्राचार में अभ्यर्थियों द्वारा अपने नाम के साथ पदनाम, विज्ञापन संख्या, पिता का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या तथा अनुक्रमांक (यदि सूचित किया गया हो) का उल्लेख अवश्य किया जाना चाहिए।

K. अभ्यर्थियों को सम्पूर्ण परीक्षा (लिखित/कम्प्यूटर एवं आई0टी0 दक्षता/साक्षात्कार) से संबंधित समस्त सूचनाएं वेबसाइट के माध्यम से अवगत करायी जाएंगी। अतः अभ्यर्थी की वेबसाइट **www.uou.ac.in** का समय–समय पर अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

L. प्रश्नगत चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जाना है तथा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी समस्त शैक्षिक प्रमाण–पत्रों सहित विश्वविद्यालय में प्रस्तुत की जानी है। आवेदन शुल्क ऑनलाइन **Net Banking/Debit or Credit Card** अथवा किसी राष्ट्रीकृत बैक के डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा ही स्वीकार होगा।

M. चयन का परिणाम घोषित करने के साथ ही सभी अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा के अंकों को विश्वविद्यालय वेबसाइट में प्रकाशित किया जायेगा।

N. चयनित अभ्यर्थियों द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त अपना स्वास्थ्य परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

नोटः– अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में किये जाने वाले दावों की पुष्टि हेतु सभी पुष्ट/मूल प्रमाण पत्र कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करने आवश्यक होंगे अन्यथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध होने की तिथि | दिनांक 10 मार्च, 2018 (शनिवार) |
| ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | दिनांक 10 अप्रैल, 2018 (मंगलवार) |
| विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र की हार्डकॉपी<br>(समस्त संलग्नकों सहित) पहुँचने की अंतिम तिथि | दिनांक 20 अप्रैल, 2018 (शुक्रवार) |

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी